देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 240 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...बगदादी का खेल खत्म



देहरादून, शुक्रवार, 1 नवंबर 2019

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 16.0°

40129.05

2 कराची-रावलपिंडी एक्सप्रेस में लगी आग
7 बांग्लादेश की बैटिंग मजबूतः लक्ष्मण

## संक्षिप्त समाचार

### जासूसी पर आईटी मिनिस्ट्री ने वॉट्सऐप से मांगा जवाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। वॉट्सऐप पर पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की जासूसी के खुलासे के बाद जहां मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला है वहीं आईटी मिनिस्ट्री ने वॉट्सऐप से इस मुद्दे पर जवाब मांगा है। सरकार ने वॉट्सऐप से इजरायली स्पाइवेयर के मामले में 4 नवंबर तक जवाब देने को कहा है। इस मुद्दे पर मुख्य विपक्षी कांग्रेस ने हमलावर रुख अपनाते हुए कहा है कि मोदी सरकार देश का नेतृत्व करने का नैतिक अधिकार खो चुकी है। फेसबुक की स्वामित्व वाली कंपनी वॉट्सऐप ने गुरुवार को खुलासा किया कि एक इजरायली स्पाइवेयर के जरिए दुनिया भर में कई वॉट्सऐप यूजर्स की जासूसी की गई।

### चिदंबरम के हेल्थ की जानकारी दे एम्सः कोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक से एक मेडिकल बोर्ड का गठन कर पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम के स्वास्थ्य पर जानकारी देने को कहा है। चिदंबरम आंतों से जुड़ी बीमारी 'क्रोहन' से पीड़ित हैं। कोर्ट ने कहा है कि चिदंबरम के इलाज को लेकर इस बोर्ड में उनके पारिवारिक डॉक्टर नागेश्वर रेड्डी को भी शामिल किया जाए, जिससे वह अपनी राय रख सकें। आपको बता दें कि चिदंबरम अभी तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### सीपीआई के वरिष्ठ नेता गुरुदास दासगुप्ता का निधन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
कोलकाता। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद गुरुदास दासगुप्ता का गुरुवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। यह जानकारी पार्टी सूत्रों ने दी। दासगुप्ता 83 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और बेटी हैं। दासगुप्ता पिछले कुछ महीने से फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित थे। पश्चिम बंगाल में सीपीआई के सचिव स्वपन बनर्जी ने यह जानकारी दी।

# एकता पर हमले का देंगे मुंहतोड़ जवाब

■ जयंती पर 370 हटाने का फैसला सरदार साहब को समर्पित

## कश्मीर का जिक्र कर पीएम मोदी की पाक को चेतावनी

### अब जम्मू-कश्मीर में सरकार गिराने, बनाने का खेल बंद होगा



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
केवड़िया (गुजरात)। राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी। मोदी ने कहा कि जो हमसे युद्ध नहीं जीत सकते, वो हमारी एकता को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरदार साहब के आशीर्वाद से, इन ताकतों को परास्त करने का एक बहुत बड़ा फैसला देश ने कुछ हफ्ते पहले ही लिया है। आर्टिकल 370 ने जम्मू-कश्मीर को अलगाववाद और आतंकवाद के सिवाय कुछ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जम्मू-कश्मीर ही एकमात्र स्थान था, जहां आर्टिकल 370 था और पूरे देश में जम्मू-कश्मीर ही एकमात्र स्थान था जहां तीन दशकों में आतंकवाद ने करीब-करीब 40 हजार लोगों की जान ले ली। उन्होंने कहा कि हमारी एकता में छेद करने की कोशिश हो रही है, अलगाव को उभारने का प्रयास किया जा रहा है, हमारी एकता को ललकारा जा रहा है लेकिन वे भूल जाते हैं कि सदियों से ऐसी कोशिशों के बाद भी हमें कोई मिटा नहीं सका। जब हमारी विविधता के बीच, एकता पर बल देने वाली बातें होती हैं तो इन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब मिलता है। जब हमारी विविधताओं के बीच, हम एकता के मार्ग पर चलते हैं तो इन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब मिलता है। उन्होंने कहा, कभी सरदार पटेल ने कहा था कि अगर कश्मीर का मसला उनके पास रहा होता, तो उसे सुलझने में इतनी देर नहीं होती। आज उनकी जयंती पर मैं 370 को हटाने का फैसला सरदार साहब को समर्पित करता हूं।

पीएम ने कहा कि हमें इस बात की भी खुशी है कि आज से ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, एक नए भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। हाल ही में वहां ब्लॉक डिवेलपमेंट काउंसिल के चुनाव में 98 प्रतिशत पंचों-सरपंचों की भागीदारी एक बड़ा संदेश है। अब जम्मू-कश्मीर में एक राजनीतिक स्थिरता आएगी। अब निजी स्वार्थ के लिए सरकारें बनाने और गिराने का खेल बंद होगा। अब क्षेत्र के आधार पर भेदभाव के शिकवे और शिकायतें भी दूर होंगी।

### चाणक्य के बाद सरदार पटेल

पीएम मोदी ने कहा, हमे याद रखना होगा कि शताब्दियों पहले, तमाम रियासतों को साथ लेकर, एक भारत का सपना लेकर, राष्ट्र के पुनरुद्धार का सफल प्रयास करने वाला एक और नाम था। वह थे चाणक्य। चाणक्य के बाद अगर यह काम कोई कर पाया तो वह हमारे सरदार पटेल ही थे वर्ना अंग्रेज तो चाहते थे कि आजादी के साथ ही हमारा भारत छिन्न-भिन्न हो जाए लेकिन सरदार पटेल ने अपनी इच्छाशक्ति से देश विरोधी सारी ताकतों को परास्त कर दिया।

## छठ घाट पर बीजेपी और आप आमने-सामने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। छठ पूजा घाट को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और आम आदमी पार्टी (आप) आमने-सामने आ गई है। कालकाजी के आंबेडकर पार्क में छठ घाट बनाने को लेकर पार्षद और विधायक में तनातनी चल रही है। बुधवार को पुलिस ने मामला शांत करा दिया, लेकिन आज फिर आप नेता धरने पर बैठ गए हैं। आप सांसद संजय सिंह बड़ी संख्या में समर्थकों संग मौके पर पहुंचे और बीजेपी के खिलाफ नारेबाजी की। आप ने विधायक से मारपीट का आरोप भी लगाया है। आरोप है कि भड़ाना ने पार्क में घाट बनाने का काम रुकवा दिया, जिससे मामले ने तूल पकड़ लिया और पुलिस बुलानी पड़ी।

# आदित्य ठाकरे नहीं, एकनाथ शिंदे बने नेता

### सुनील प्रभु को सदन में बनाया गया पार्टी का चीफ विप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मुंबई। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए एक हफ्ते हो चुके हैं लेकिन सत्ता के लिए रस्साकशी अब तक जारी है। बीजेपी और शिवसेना के बीच अभी 50-50 फॉर्मूले पर मामला अटका हुआ है। इस बीच शिवसेना विधायक दल की बैठक में एकनाथ शिंदे को नेता चुन लिया गया है। इसके लिए आदित्य ठाकरे ने ही प्रस्ताव रखा था, जिस पर शिवसेना के सभी 56 विधायकों ने अपनी सहमति दी।

हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि आदित्य ठाकरे के सीएम बनने की संभावना खत्म हो गई है। एकनाथ को नेता बनाने के बाद भी शिवसेना आदित्य ठाकरे को सीएम के लिए आगे कर सकती है। वहीं, सुनील प्रभु को सदन में पार्टी का चीफ विप बनाया गया है। सभी विधायक आज ही राज्यपाल से मुलाकात करने वाले हैं। ऐसे में सियासी गहमागहमी बढ़ गई है।

**26:13 के फॉर्मूले पर बनेगी बात?:** सूत्रों के मुताबिक शिवसेना की बैठक में बीजेपी के उपमुख्यमंत्री पद वाले ऑफर पर चर्चा नहीं हुई। खबर है कि बीजेपी ने शिवसेना को उपमुख्यमंत्री पद के साथ 13 मंत्री पद देने का फैसला किया है। बीजेपी सूत्रों की मानें फडणवीस खुद शिवसेना प्रमुख से इस पर बात कर सकते हैं। बीजेपी ने जो प्रस्ताव तैयार किया है, उसके तहत वह 26 मंत्री पद अपने पास रखेगी और 13 शिवसेना को देगी। बीजेपी राजस्व, वित्त, गृह और नगर विकास जैसे अहम मंत्रालय अपने पास रख सकती है। बैठक से पहले शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने बीजेपी को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि हमें बच्चा पार्टी समझने की भूल न करें।

### आठवले बोले- फडणवीस को ही चाहते हैं सीएम

इस बीच महाराष्ट्र में एनडीए के सहयोगी दल आरपीआई के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का साफ कहना है कि वह दो मुख्यमंत्री के पक्ष में नहीं हैं। आठवले ने कहा, बीजेपी-शिवसेना महागठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला है। बुधवार को देवेंद्र फडणवीस बीजेपी विधायक दल के नेता चुने गए। हमने मुख्यमंत्री पद के लिए उनके नाम के समर्थन का फैसला लिया है, क्योंकि हमारे लिए वह इकलौते दावेदार हैं।

# कुलभूषण जाधव केस में पाक को आईसीजे की फटकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। पाकिस्तान की जेल में बंद कुलभूषण जाधव के मामले में इंटरनैशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस ने पाक को फटकार लगाई है।

इंटरनैशनल कोर्ट ने कहा है कि कुलभूषण जाधव से बर्ताव को लेकर पाकिस्तान ने विएना संधि का उल्लंघन किया है। इंटरनैशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के प्रेजिडेंट जज अब्दुलकावी यूसुफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में यह बात कही। कुलभूषण केस में 17 जुलाई को जारी किए गए आदेश को लेकर उन्होंने कहा, इस केस में यह पाया गया कि पाकिस्तान ने विएना संधि के आर्टिकल 36 का उल्लंघन किया है।

# जे-के और लद्दाख में उपराज्यपालों ने संभाली कमान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
श्रीनगर/लेह। राज्य के पुनर्गठन के बाद अब केंद्र शासित प्रदेश बने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल जीसी मुर्मू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ले ली है। उन्हें जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट की चीफ जस्टिस गीता मित्तल ने शपथ दिलाई। उनसे पहले सुबह लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर के तौर पर आरके माथुर ने शपथ ली। उन्हें भी लेह में एक कार्यक्रम में गीता मित्तल ने शपथ दिलाई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मुर्मू और लद्दाख के आरके माथुर का कार्यकाल 5 सालों के लिए होगा। राष्ट्रपति के आदेश पर मुर्मू की नियुक्ति का अपॉइंटमेंट वॉरंट चीफ सेक्रटरी बीवीआर सुब्रमण्यन ने पढ़ा।

कुल 250 मेहमानों की मौजूदगी में शपथ लेने वाले केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले उपराज्यपाल बने जीसी मुर्मू 1985 बैच के गुजरात काडर के आईएएस अधिकारी रहे हैं। उनकी शपथ के कार्यक्रम में बीजेपी के राज्यसभा सांसद जुगलकिशोर और पीडीपी नेता नाजिर मौजूद थे।

लद्दाख के एलजी के तौर पर पूर्व नौकरशाह राधाकृष्ण माथुर ने सुबह ही शपथ ली।

### बदलाव

जीसी मुर्मू ने जम्मू-कश्मीर और आरके माथुर ने लद्दाख के उपराज्यपाल की शपथ ली



"लद्दाख के सीमांत क्षेत्रों में विकास की काफी जरूरत है। -आरके माथुर, उपराज्यपाल, लद्दाख

### शपथ के बाद बोले माथुर सीमांत क्षेत्रों का विकास जरूरी

अब तक जम्मू-कश्मीर राज्य का हिस्सा रहा लद्दाख अब अलग केंद्र शासित प्रदेश बन गया है, जिसके संवैधानिक मुखिया एलजी होंगे। यहां कोई विधानसभा नहीं होगी और चंडीगढ़ की तर्ज पर यहां व्यवस्था स्थापित की जाएगी। करीब 66 साल के आरके माथुर ने सुबह सिंधु संस्कृति ऑडिटोरियम में शपथ ली। इस दौरान लेह और करगिल हिल काउंसिल के पदाधिकारी मौजूद थे। इसके अलावा सेना, पैरामिलिट्री फोर्सेज के अफसर, कई धर्मगुरु और आम लोग भी मौजूद थे।

***Are you Planning to make a Website or already have ?***
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in